मध्य प्रदेश ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किये बैरागढ़ सब स्टेशन में दो नए 220 के.व्ही. के सर्किट

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता एन.पी. गुप्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश ट्रांसको कंपनी ने 220 के.व्ही. के दो नए सर्किट (फीडर और लाइन) को ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल की है।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश ट्रांसको कंपनी द्वारा 220 के.व्ही. सब स्टेशन बैरागढ़ भोपाल में 10 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित 220 के.व्ही. के दो नए सर्किट (फीडर और लाइन) को ऊर्जीकृत किया गया, जिससे बैरागढ़ जहाँ 400 के.व्ही. सब स्टेशन आष्टा से सीधा जुड़ गया है, वहीं 400 के.व्ही. सब स्टेशन भोपाल से भी एक अतिरिक्त 220 के.व्ही. सर्किट बैरागढ़ में उपलब्ध हो गया है।
- कंपनी के अधीक्षण अभियंता एन.पी. गुप्ता ने बताया कि कंपनी यह व्यवस्था करने में इसलिये सफल हुई, क्योंकि कुछ समय पूर्व 400 के.व्ही. सब स्टेशन आष्टा में 315 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक पावर ट्रांसफॉर्मर ऊर्जीकृत किया गया था, जिससे मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को सेंटर ग्रिड से अतिरिक्त बिजली मिल पाई है और इसका फायदा भोपाल को मिल पाया।
- उन्होंने बताया कि 220 के.व्ही. सब स्टेशन बैरागढ़ में पहले 220 के.व्ही. की सप्लाई 400 के.व्ही. सब स्टेशन सूखीसेवनिया भोपाल से 220 के.व्ही. के दो सर्किटों के माध्यम से प्राप्त होती थी।
- एन.पी. गुप्ता ने बताया कि नए 220 के.व्ही. सर्किट के निर्माण से बैरागढ़ से जुड़े 132 के.व्ही. आईटी पार्क, ईटखेड़ी, रूहाना, श्यामपुर कुरावर, सीहोर, लालघाटी सबस्टेशन को फायदा पहुँचेगा, जहाँ 132 के.व्ही. वोल्टेज स्तर की गुणवत्तापूर्ण विद्युत का पारेषण हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-transco-energized-two-new-220-kv-circuits-at-bairagarh-substation